प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

25.06.2024 / प्रादेशिक समाचार / 9:20बजे

उपचुनाव

प्रदेश के तीन विधानसभा क्षेत्रों देहरा, हमीरपुर और नालागढ़ में होने वाले उप–चुनाव के लिए अब कुल 15 प्रत्याशी चुनाव मैदान में रह गए हैं। नामांकन पत्रों की जांच के बाद देहरा विधानसभा क्षेत्र में 5, हमीरपुर में चार जबकि नालागढ़ में 6 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। इन तीनों विधानसभा क्षेत्रों देहरा, हमीरपुर व नालागढ़ में दस जुलाई को मतदान होगा जबकि 13 जुलाई को वोटों की गिनती की जाएगी। उम्मीदवार आज और कल 26 जून को दोपहर बाद तीन बजे तक अपने नाम वापिस ले सकते हैं।

अग्निहोत्री

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने तीन निर्दलीय पूर्व विधायकों द्वारा त्यागपत्र देने पर फिर से सवाल खड़े किए हैं। मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि यह तीन उपचुनाव पूरी तरह से तीन पूर्व विधायकों की महत्वाकांक्षा के चलते आया है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने मिशन लोटस के तहत इस चुनाव को जनता पर थोप दिया है इसलिए भाजपा व पूर्व विधायकों को इसका जवाब जनता को देना चाहिए। मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस की सरकार पूरी तरह स्थिर है और तीन उपचुनावों में कांग्रेस पार्टी जीत दर्ज कर सरकार को और मजबूत बनाएगी।

एक्ज़िम बैंक

एक्ज़िम बैंक यानि एक्सपोर्ट–इंपोर्ट बैंक ऑफ इंडिया ने कल शिमला में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के समक्ष प्रदेश में संभावित निर्यात रणनीति के बारे में विस्तृत प्रस्तुति दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल फार्मास्युटिकल्स, टैक्सटाइल्स, लाइट इंजीनियरिंग, गुड्स, स्वास्थ्य, बिजली, दूरसंचार, सूचना प्रौद्योगिकी और अन्य क्षेत्रों के लिए विनिर्माण हब बन गया है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2019–20 से राज्य का निर्यात 9 हज़ार 8 सौ 22 करोड़ रुपये से बढ़कर वर्ष 2022–23 में 17 हज़ार 5 सौ 43 करोड़ रुपये से अधिक हो गया है, जो कि 62 प्रतिशत वृद्धि को दर्शाता है।

जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर कल शिमला के पीटरहॉफ में आयोजित 16वें वित्त आयोग की बैठक में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हिमाचल की भौगोलिक और आर्थिक परिस्थितियों को देखते हुए विशेष सहयोग की आवश्यकता है। उन्होंने प्रदेश के विकास को गति देने के लिए, रोड कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने के लिए केंद्र सरकार द्वारा हिमाचल को विशेष अनुदान देने की पैरवी की। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि पर्यटन राज्य की आर्थिकी का आधार है और एयर कनेक्टिविटी से पर्यटन को उड़ान मिलेगी। जयराम ठाकुर ने मंडी के ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट के निर्माण और कांगड़ा एयरपोर्ट के विस्तार के लिए और धनराशि उपलब्ध करवाने का आग्रह किया।

स्कूल समय सारिणी

कांगड़ा जिले में अब सभी सरकारी और निजी स्कूल सामान्य समय सारिणी के अनुसार ही खुलेंगे। यह आदेश जिला दंडाधिकारी उपायुक्त हेमराज बैरवा ने जारी किए हैं। उल्लेखनीय है कि हीट वेव के चलते 20 मई को स्कूलों के खुलने और छुट्टी होने के समय में बदलाव किया गया था। उस अधिसूचना को अब निरस्त कर दिया गया है। आज से सभी स्कूल प्रबंधन को सामान्य समय सारिणी के अनुसार ही स्कूल खोलने और छुट्टी करने के निर्देश जारी किए गए हैं।

मौन जुलूस

प्रदेश भाजपा 25 जून 1975 को देश में लगे आंतरिक आपातकाल की 49वीं बरसी पर आज शिमला में मौन जुलूस का आयोजन करेगी। मौन जुलूस सुबह 11:00 बजे सीटीओ चौक से बाइब्रेसन हॉल तक जाएगा। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल सहित भाजपा के वरिष्ठ नेता इसमें शामिल होंगे।

मौसम

प्रदेश में सोलन ज़िले के कुनिहार–नालागढ़ संपर्क मार्ग पर गंभर पुल के समीप कल बादल फटने से एक घर और ढाबे को नुक्सान होने के साथ तीन गाड़ियों के पानी के तेज बहाव में बहने का समाचार है। इससे पूर्व लाहौल घाटी के मडग्रां नाले में भी बाढ़ आने से नुक्सान हुआ है । यहाँ बाढ़ से सड़क क्षतिग्रस्त होने और संसारी नाला किलाड़ थिरोट तांदी सड़क मार्ग करीब 11 घंटे अवरुद्ध रहा। हालाँकि दोनों ही स्थानों पर किसी तरह का कोई जानी नुकसान नहीं हुआ है। इस बीच मौसम विभाग ने आज भी ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हल्की वर्षा होने की सम्भावना जताई है। विभाग के अनुसार राज्य में 28 जून तक मानसून के दस्तक देने की उम्मीद है जिसके चलते 28 और 29 जून को कई प्रदेश के कई क्षेत्रों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है।

सुर्खियां समाचार पत्रों से..............

आज अधिकतर समाचार पत्रों ने 16वें वित्त आयोग से जुड़ी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है। दिव्य हिमाचल की सुर्खी है 16वें वित्त आयोग के सामने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने रखे हिमाचली हित–जल और जंगल के बदले दिया जाए पीस डिविडेंड। अमर उजाला आयोग के अध्यक्ष के हवाले से लिखता है आपदा राहत राशि आवंटन के लिए हिमाचल को अलग से नहीं देख सकते। दैनिक जागरण लिखता है रिपार्ट में होगा मुफ्त की योजनाओं और ओपीएस से उत्पन्न हुई स्थिति का उल्लेख। हिमाचल दस्तक का कहना है हिमाचल प्रदेश को टैक्स असेसमेंट के आधार पर मिलेगा बजट।

आपका फैसला मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के हवाले से लिखता है हिमालयी राज्यों के लिए आपदा सूचकांक बने, केंद्र से उदार मदद दिलाए वित्त आयोग। पंजाब केसरी की सुर्खी है आपदा में हिमाचल के साथ अनदेखी हुई, राजस्व घाटा अनुदान भी घटा।

मौसम पर दैनिक भास्कर की सुर्खी है प्रदेश में प्री मानसून दिखाने लगा तेवर, पांच जिलों में हुई झमाझम बारिश। पंजाब केसरी का शीर्षक है लाहौल के मडग्रां में बाढ़, गंभरपुल में फटा बादल, 28 से प्री–मानसून। अमर उजाला के अनुसार कुनिहार–नालागढ़ सड़क पर आया मलबा–चट्टानें, एक लड़की भी चोटिल।